जयपुर में दूरदर्शन स्टूडियो

2877. **श्री भंवर लाल पवार :** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) जयपुर में स्थापित दूरदर्शन स्टूडियो कब से काम करना आरम्भ करेगा ; और

(ख) क्या जोधपुर में स्टूडियो स्थापित करने का कोई प्रस्ताव है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री वी० एन० गाडगिल) : (क) जयपुर में दूरदर्शन स्टूडियो केन्द्र के 1986 के दौरान चालू हो जाने की उम्मीद है ।

(ख) जी, नहीं । संसाधनों पर दबाव के कारण प्रथमतया राज्यों की राजधानियों में दूरदर्शन स्टूडियो स्थापित करने के लिए अग्रता दी जा रही है ।

भारतीयों को विदेशों में भेजने वाली कम्पनियों के विरुद्ध जांच

2878. **श्री हुक्मदेव नारायण यादव :**
श्री बी० सत्यनारायण रेड्डी :

क्या श्रम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों के दौरान भारतीय लोगों को विदेशों में भेजने वाली कितनी कम्पनियों की जांच पड़ताल की गयी और कितनी कम्पनियों की जांच पड़ताल नहीं की गयी ; और

(ख) जिन कंपनियों की जांच पड़ताल नहीं की गई उसका क्या कारण है ?

श्रम मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री टी० अंजैया) : (क) और (ख) उत्प्रवास अधिनियम, 1983 को लागू करने (31-12-1983) के बाद से 143 भरती एजेंसियों के कार्यकलापों की जांच पड़ताल चल रही है । अब तक, कुल 1008 भरती एजेंसियों को पंजीकृत किया जा चुका है । जब कभी गम्भीर शिकायतें प्राप्त होती है, तब जांच-पड़ताल की जाती है ।

Allotment of imported sugar to States

2879. SHRI JAGESH DESAI: Will the Minister of FOOD AND CIVIL SUPPLIES be pleased to state:

(a) the quantity of imported sugar allotted to different States and Union Territories for the months of June and July, 1985;

(b) the quantity of imported sugar lifted by different States;

(c) what was the issue price; and

(d) whether Government prescribed the sale price for the imported sugar?

THE MINISTER OF FOOD AND CIVIL SUPPLIES (RAO BIRENDRA SINGH): (a) and (b) The quantities of imported sugar allotted to different State Governments and Union territories for distribution as free sale through the controlled channels for the months of June & July, 1985 and the quantity of imported sugar lifted by the different State Governments thereagainst in given in the Statement.

(c) and (d) Food Corporation of India were required to deliver imported freesale sugar to State Government/Union Territories at a price of Rs. 540 per quintal and the State Government were required to distribute the same through the controlled channels at a price below Rs. 6 per kg. However, the issue price by the Food Corporation of India has now been reduced to Rs. 520 per quntal and the State Governments are required to distribute free sale sugar at a price below Rs. 5.80 per kg.